# चुनावी सीजन में गर्माया फैशन का बाजार, लीनन के कुर्ते-पैजामे और जैकेट की बढ़ी मांग

**रायपुर।** एक ओर राजनीतिक पार्टियों के बीच चुनावी महासंग्राम के चलते चुनावी दौरे और ताबड़तोड़ सभाएं चल रही हैं। वहीं दूसरी ओर कपड़ा बाजार भी इन मौकों को भुना रहा है। चुनावी सीजन के लिए पहनावों का बाजार अभी गर्म है। चुनावी सीजन के साथ ही गर्मी के मौसम को देखते हुए इन दिनों लीनन के कुर्ते-पैजामे व मोदी जैकेट की मांग जबरदस्त बनी हुई है।

कारोबारियों की मानें तो भाजपा समर्थक प्रत्याशियों द्वारा इसके जबरदस्त आर्डर दिए जा रहे है। दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी भी पीछे नहीं है और राहुल टी शर्ट की मांग भी बढ़ गई है। बाजार में डिजाइनर धोती भी आए हुए हैं। कपड़े संस्थानों के साथ ही आनलाइन कंपनियों में ये उपलब्ध हैं। कारोबारियों का कहना है कि वर्ष 2019 की तुलना में इस वर्ष इनका कारोबार ज्यादा है।







### पार्टी के स्टीकरों की मांग

कपड़ों के साथ ही संस्थानों में पार्टियों के स्टीकर भी आए हुए हैं। पार्टी के लोगो व उनके स्लोगन के साथ आने वाले ये स्टीकर काफी पसंद किए जा रहे हैं। उपभोक्ताओं द्वारा विशेषकर इसे गाड़ियों में चिपकाए जा रहे हैं। पार्टियों के निशान वाले बैज की भी खूब बिक्री हो रही है।

### खूब हो रही पार्टियों के झंडों की बिक्री

पार्टियों के स्टीकर के साथ ही अब पार्टियों के झंडों की बिक्री भी शुरू हो गई है। इन झंडों को लोग अपनी गाड़ियों के साथ ही घरों में लगा रहे हैं और अलग-अलग तरीके से प्रचार करने में लगे हुए हैं।कारोबारी महेश चौधरी ने कहा, चुनावी सीजन होने के साथ ही गर्मी के चलते भी लीनन के कुर्ते-पैजामे काफी पसंद किए जा रहे हैं। युवाओं के साथ ही ज्यादा उम्र के लोग भी इन्हें काफी पसंद कर रहे हैं।

# लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने घर-घर हल्दी-चावल देकर दिया जा रहा आमंत्रण

## हल्दी चावल से आमंत्रित करने की शुरूआत रेल्वे कॉलोनी डोंगरगढ़ से किया गया

**राजनांदगांव (निप्र)।** जिले के मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने के लिए जिला प्रशासन द्वारा घर-घर हल्दी चावल देकर आमंत्रित किया जा रहा है। हल्दी चावल का उपयोग भारतीय संस्कृति में बहुत ही अच्छा माना गया है। भारतीय संस्कृति में हर कार्यक्रम व त्यौहारों में पीले चावल में निमंत्रण दिया जाता है। इसलिए स्वीप टीम द्वारा हल्दी चावल यानी कि पीले चावल बांटे जा रहे हैं। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान करने पहुंचे और लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में शामिल हो सके। सीएमओ डोंगरगढ़ द्वारा सभी शासकीय कर्मचारियों के साथ मिलकर कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों का चिन्हांकन कर हल्दी चावल देकर लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। जिससे नागरिक मतदान दिवस 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र में जाकर अपना बहुमूल्य वोट दे सके।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप सुरूचि सिंह के निर्देश पर जिले में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक तौर पर कार्य किए जा रहे हैं।जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने सीएमओ डोंगरगढ़ के द्वारा सभी शासकीय कर्मचारियों के साथ मिलकर कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में टीम बनाकर हल्दी चावल देकर आमंत्रित किया जा रहा है। उन्होंने रेल्वे कॉलोनी डोंगरगढ़ के घर-घर जाकर आमंत्रित करने की शुरूआत किया है। डोंगरगढ़ नगर पालिका परिषद क्षेत्र में स्वीप टीम द्वारा कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों का चिन्हांकन कर घर-घर जाकर हल्दी चावल देकर मतदान कर देश के सबसे बड़े पर्व में शामिल होने निमंत्रण दिया जा रहा रहा है। लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान करने के लिए नागरिकों को प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्हें लोकतंत्र की महत्ता के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी जा रही है। मतदान केन्द्र में पेयजल, छांव सहित अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराने के संबंध में जानकारी जनसामान्य को दी जा रही है।




### तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से दंपती की मौत, मासूम बच्ची और मामा की बच गई जान

**रायपुर।**राजधानी रायपुर के विधानसभा क्षेत्र के टेकारी गांव के पास दर्दनाक हादसा हो गया। तेज रफ्तार सीमेंट मिक्चर कैप्सूल वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार दंपती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी छह महीने की बच्ची और 16 वर्षीय साला गंभीर रूप से घायल है। दोनों को आंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची विधानसभा पुलिस ने कैप्सूल को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया।

विधानसभा थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरंग थाना क्षेत्र के जरौद गांव निवासी दानेश साहू (26) गुरूवार को बाइक क्रमांक सीजी 04 एनएत 6697 पर अपनी पत्नी हिना साहू (23),जागृति साहू (छह माह) और साला दीनदयाल साहू (16) को पीछे बैठाकर फरहद गांव से बिरगांव जा रहा था।

टेकारी गांव के पास मोड़ पर नेशनल हाइवे रिंग रोड नंबर तीन में सामने से आ रहे कांक्रीट मिलर वाहन क्रमांक सीजी 04 जेए 9252 के चालक संतोष उरांव ने लापरवाही पूर्वक बाइक सवारों को टक्कर मार दी। इस हादसे में मौके पर ही दानेश साहू, उसकी पत्नी हिना की मौत हो गई, जबकि बच्ची और साला गंभीर रूप से घायल हो गए।

# चुनाव में कपड़ा कारोबारियों के बोल, रेडीमेड गारमेंट की मैन्यूफैक्चरिंग हो







**रायपुर।** कपड़ों के क्षेत्र में रायपुर कपड़ा बाजार काफी बड़ा है और कारोबार की दृष्टि से भी इसे मध्यभारत का सबसे बड़ा कपड़ा बाजार माना जाता है। लाइफस्टाइल और कपड़ों की बड़ी-बड़ी कंपनियां यहां उपलब्ध है।

क्षेत्र से जुड़े कारोबारियों का कहना है कि यहां कारोबार की बढ़ती रफ्तार को देखते हुए निश्चित रूप से रेडिमेड कपड़ों का मैन्युफैक्चरिंग का काम भी होना चाहिए। इसके लिए सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए, साथ ही व्यापार-उद्योग की प्रगति के लिए जीएसटी के नियमों का सरलीकरण जरूरी है। ऐसी पालिसियां लाई जाए जिससे कि व्यापार उद्योग जगत के साथ ही आम उपभोक्ताओं को भी फायदा पहुंचे।

### व्यापार-उद्योग को बढ़ाने वाली पालिसी बने

रायपुर होलसेल होजियरी एवं रेडीमेड पूर्व अध्यक्ष विजय मुकीम ने कहा, व्यापारिक प्रगति की दृष्टि से हमारा शहर आज काफी आगे बढ़ते जा रहा है और महानगरों का स्वरूप ले लिया है। बाते चाहे कपड़ा मार्केट की हो या आटोमोबाइल या किसी अन्य सेक्टर की। हर सेक्टर में तरक्की हो रही है। सरकार को चाहिए कि ऐसी पालिसी बनाई जाए जिससे व्यापार-उद्योग की रफ्तार और ज्यादा होगा। इसके साथ ही आने वाले दिनों में रेडीमेड गारमेंट की मैन्युफैक्चरिंग का काम भी यहां शुरू होना चाहिए।

### केंद्र की योजनाओं का लाभ मिले

कारोबारी जयचंद नवानी ने कहा, केंद्र की सारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचना चाहिए। इसके साथ ही ऐसी विकासपरक योजनाएं बनाई जाए,जिसे व्यापार-उद्योग के साथ ही आम जनता का भी भला हो। जीएसटी के नियमों के कारण इन दिनों व्यापार जगत को काफी परेशानी हो रही है, ऐसे में जीएसटी के नियमों का सरलीकरण जरूरी है। साथ ही अधोसंरचना का विकास जरूरी है।

### रियल इस्टेट को मिले उद्योग का दर्जा

रियल इस्टेट कारोबारी रवि फतनानी ने कहा, व्यापार-उद्योग की प्रगति के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि जीएसटी के नियमों का सरलीकरण किया जाए। जीएसटी के कड़े नियमों से व्यापार जगत परेशान है। इसके साथ ही एमएसएमई नियमों में सुधार किया जाए। साथ ही रियल इस्टेट को भी उद्योग का दर्जा मिलना चाहिए,ताकि रियल इस्टेट सेक्टर की रफ्तार और ज्यादा बढ़ सके। रियल इस्टेट को उद्योग का दर्जा मिलने से इस सेक्टर की रफ्तार बढ़ जाएगी।

# आयुष्मान के तहत निजी अस्पतालों के आठ सौ करोड़ रुपये अटके, आइएमए ने दी काम बंद करने की चेतवानी



**रायपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रायपुर ब्रांच की सामान्य सभा की बैठक हुई। बैठक में आयुष्मान योजना के तहत निजी अस्पतालों के पिछले कई महीनों से लंबित भुगतान को लेकर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से लंबित भुगतान मिलने तक आयुष्मान योजना के तहत इलाज करने की सहमति जताई।

आइएमए के सदस्य प्रदेश के अन्य शाखाओं से बातचीत करेंगे, ताकि वित्तीय प्रबंधन के अभाव में सीमित काम करने या बंद करने पर विचार किया जा सके।प्रदेश के सात सौ निजी अस्पतालों के लगभग 800 करोड़ रुपये बाकी है।इन अस्पतालों को नवंबर से आयुष्मान योजना का भुगतान नहीं मिला है।

नियम के मुताबिक इलाज होने के 45 दिन बाद मिल जाना चाहिए, लेकिन लगभग पांच महीने का समय बीत जाने के बाद भी अस्पतालों को आयुष्मान योजना के पैसे नहीं मिले हैं। अस्पतालों में प्रतिमाह लगभग 150 से 175 करोड़ के बीच में आयुष्मान योजना से इलाज होता है।

आइएमए के अध्यक्ष डा. अनिल जैन, महासचिव डा. दिग्विजय सिंह ने कहा कि आइएमए रायपुर शाखा के पदाधिकारी पिछले चार महीनों में स्वास्थ्य मंत्री से दो बार और अतिरिक्त मुख्य सचिव रेणु पिल्ले से मुलाकात कर आयुष्मान योजना के तहत अस्पतालों के लंबित भुगतान के बारे में अवगत कर चुके हैं।

### स्वास्थ्य मंत्री का जल्द भुगतान करवाने का आश्वासन

स्वास्थ्य मंत्री ने जल्द से जल्द भुगतान करवाने का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक भुगतान नहीं हो पाया है। आइएमए गरीब व ज़रूरतमंद लोगों के इलाज के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन अनियमित भुगतान की वजह से कर्तव्य का पालन करने में दिक्कतें आ रही हैं।

हरियाणा और गुजरात में अस्पतालों ने अनियमित भुगतान की समस्या होने के कारण आयुष्मान योजना से मरीज़ों का इलाज पूर्णतया बंद कर दिया है।आयुष्मान योजना में आ रही लगातार कठिनाइयों को लेकर प्रदेश स्तर का डाक्टरों का एक प्रतिनिधिमंडल शासन स्तर पर अधिकारियों से मिलेगा।

# मेट्रोमोनियल साइट से दोस्ती, फिर शादी का झांसा देकर युवती से किया दुष्कर्म, पीड़िता की शिकायत पर आरोपित अरेस्ट

**रायपुर।** राजधानी में एक युवती से शादी का झांसा देकर एक साल तक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपित आशीष सोनी के खिलाफ गंज थाना पुलिस ने केस दर्ज किया है। पीड़िता का आरोप है कि आशीष से जब शादी की बात कही तो युवक साफ मुकर गया। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



गंज थाना पुलिस के मुताबिक मूलत॰ आरोपित आशीष सोनी भिलाई का रहने वाला है और मुंबई में एक निजी कंपनी में साइबर सिक्योरिटी कंसलटेंट के पद पर काम करता है। मेट्रोमोनियल साइट के जरिए उसकी पहचान रायपुर की युवती से हुई थी। आशीष ने शादी का वादा कर उसके साथ करीब एक साल तक संबंध बनाए रखा।

दोनों के बीच लगातार भेंट-मुलाकात होने लगी। इन दौरान आरोपित ने कई बार युवती को जल्द शादी करने का भरोसा दिलाया। जब भी पीड़िता शादी के लिए बोलती थी तो वह घर-परिवार का हवाला देकर टालमटोल करता था।इतना ही नहीं आरोपित और उसके स्वजनों ने पीड़िता के स्वजनों के सामने भी शादी कराने का वादा किया था।

इसका फायदा उठाकर आरोपित लगातार युवती से दुष्कर्म कर मामूली बात पर मारपीट भी करता था। पिछले दिनों ही आरोपित और उसके स्वजनों ने पीड़िता और उसके स्वजनों को मिलने के बहाने से घर बुलाकर पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी। परेशान होकर पीड़िता ने गंज पुलिस थाने में केस दर्ज कराया। इसके बाद पुलिस ने आशीष सोनी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# मतदाता संकल्प बैंड बांधकर लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिए किया गया प्रेरित

**गरियाबंद (निप्र)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत 26 अप्रैल को जिले में मतदान होगा। लोगो में मतदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने एवं मतदान के प्रतिशत में वृद्धि किये जाने के लिए कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रीता यादव के मार्गदर्शन में जिले में विभिन्न मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज नगर पालिका परिषद गरियाबंद में मतदाता जागरूकता के तहत मतदाता रैली कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव ने लोगों को मतदाता संकल्प भी दिलाया।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आम नागरिकों, स्व सहायता समूह की महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं अधिकारी कर्मचारियों द्वारा जनपद पंचायत कार्यालय से बस स्टैंड होते हुए सब्जी मार्केट, मस्जिद चौक से वापस तिरंगा चौक होकर बस स्टैंड तक मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर के दुकानों में जाकर लोगों को मतदाता संकल्प हैंड बैंड पहनाकर 26 अप्रैल को अवश्य मतदान करने की अपील की गई। साथ ही अपने आस पड़ोस के मतदाताओं को भी मतदान दिवस में अपने मतदान केंद्र जाकर मताधिकार का उपयोग करने की अपील की गई। मतदाता जागरूकता अंतर्गत स्व सहायता समूह की महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं नगर वासियों द्वारा अपने हाथों में ÷लोकतन्त्र का सबसे बड़ा पर्व है, मतदान करना हम सबका फर्ज है÷ आपका वोट आपकी ताकत, दोनो बने देश की ताकत ÷सारा काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो स्लोगन के द्वारा रैली निकाला गया।




# कलेक्टर की अध्यक्षता में ज़िला अधिकारियों की बैठक

## सेक्टर अधिकारी अपने क्षेत्र के मतदान केंद्र जाकर मूलभूत सुविधाओं एक बार और चेक करें : कलेक्टर

**बेमेतरा (निप्र)।** कलेक्टर रणबीर शर्मा ने ज़िला अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने लोकसभा निर्वाचन -2024 के लिए ज़िले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में मतदान केंद्रों और आदर्श मतदान केंद्र सहित डाक मतपत्र आदि की जानकारी ली। बैठक में सीईओ ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर एवं उप ज़िला निर्वाचन अधिकारी गुड्डू लाल जगत, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, तीनों विधानसभा क्षेत्र के एसडीएम सहित विभिन्न विभागों के ज़िला अधिकारी उपस्थित थे।

उन्होंने सेक्टर अधिकारियों से कहा कि अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों में जाकर मूलभूत सुविधाओं को एक बार और चेक करें। कोई कमी हो तो उसे पूरा कर लें। उन्होंने निर्वाचन ड्यूटी में लगे अधिकारी-कर्मचारी ईडीसी (इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट) फार्म वितरण की भी जानकारी ली। डाक मतपत्र नोडल श्रीमती दिव्या पोटाई ने निर्वाचन कर्तव्य (ड्यूटी) पर तैनात अधिकारी-कर्मचारियों एवं अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाताओं के डाक मतपत्र से मतदान करने और बनाये गये सुविधा के केंद्र से अवगत कराया। श्रीमती पोटाई ने जानकारी देते हुए बताया कि पाँच सुविधा केंद्र बनाये गये है।इन सुविधा केंद्रों के लिए प्रभारी अधिकारी भी बनाये गये है।



कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी श्री रणबीर शर्मा ने कहा कि जिन मतदान केंद्रों में मधुमक्खी के छत्ते है, उन्हें हटा दिया गया है तो प्रमाण पत्र निर्वाचन शाखा को उपलब्ध करा दें। इसमें किसी प्रकार की उदासीनता या लापरवाही ना करें। उन्होंने मुख्यचिकित्सा अधिकारी को सभी स्वस्थ्य केंद्रों में समय पर स्वास्थ्य अधिकारी-कर्मचारी रहे और पर्याप्त मात्रा में ज़रूरी दवाईयां और चिकित्सकीय उपकरण हो यह सुनिश्चित कर लें।इसके अलावा राष्ट्रीय मार्ग पर स्थित स्वास्थ्य केंद्रों को ज़रूर देख ले।वहां चिकित्सा अधिकारी और स्टाफ़ हमेशा उपलब्ध रहे। ताकि ज़रूरतमंद को तुरंत प्राथमिक उपचार मिले। गर्मी को देखते हुए भी पूरे इंतज़ाम करें। उन्होंने ज़िले के सभी नगर पालिका अधिकारियों को भी गर्मी में सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल(प्याऊ) की व्यवस्था करने के निर्देश दिये।

# ट्राली बैग के अंदर छिपाया था चार लाख का गांजा, पुलिस ने घेरकर दबोचा

**रायपुर।**रायपुर रेलवे स्टेशन के गेट नंबर दो के पास मंगलवार रात को ट्राली बैग में भरा 39 किलो गांजे के साथ तीन अंतरराज्यीय तस्करों को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे की कीमत चार लाख रुपये बताया गया है। मूलत॰पंजाब, उत्तरप्रदेश और ओड़िशा के रहने वाले तस्करों ने पूछताछ में ओड़िशा से गांजा लाकर यहां खपाने के लिए ग्राहक तलाश करने की जानकारी दी। पुलिस टीम उनके नेटवर्क को खंगाल रही है।

एसएसपी संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर रायपुर पुलिस इन दिनों नशे के खिलाफ निजात अभियान चला रही है।जिले के सभी थाना प्रभारी और एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम लगातार नशीली वस्तुओं को जब्त करने के साथ तस्करों को गिरफ्तार कर रही है।

गांजा को बेचने ग्राहक की कर रहे थे तलाश

इसी कड़ी में मंगलवार को गंज थाना पुलिस को सूचना मिली कि रेलवे स्टेशन के गेट नंबर दो पास तीन व्यक्ति ट्राली बैग में गांजा रखकर उसे बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे है। एएसपी सिटी लखन पटले, सीएसपी कोतवाली योगेश साहू को यह जानकारी दी गई।